पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल से मिले मुख्य निर्वाचन अधिकारी

——————

नयी विधान सभा के गठन की अधिसूचना जारी

——————

लखनऊः 11 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला, सचिव भारत निर्वाचन आयोग अजॉय कुमार तथा अन्य अधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 के सम्पन्न हो जाने के बाद 11 मार्च, 2022 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 73 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की नई विधान सभा के गठन की अधिसूचना तथा समस्त 403 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची प्रस्तुत की। आयोग के निर्देशानुसार नई विधान सभा के गठन की अधिसूचना जारी होने के उपरान्त लागू आदर्श आचार संहिता का प्राविधान समाप्त हो जाता है। राज्यपाल जी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिये बधाई दी। ज्ञातव्य है कि नवनिर्वाचित विधान सभा सदस्यों की सूची प्राप्त होने के बाद संविधान के अंतर्गत राज्यपाल नई सरकार के गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ करते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, भारत निर्वाचन आयोग के सचिव श्री अजय कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव व श्री चन्द्रशेखर, विशेष कार्याधिकारी निर्वाचन अधिकारी श्री रमेश राय, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री रत्नेश सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

————————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (171/25)
सम्पर्क सूत्र 9453005360